बेहतरीन रिटर्न अच्छे समय में नहीं, बल्कि बुरे समय में लिए गए सही फैसलों से बनते हैं, जब डर सबसे ज्यादा और धैर्य सबसे कम होता है।

हावर्ड मार्क्स अमरीकी निवेशक और लेखक

पत्रिका फाइनेंस

@बिजनेस & वेल्थ

शेयर बाजार		सोना	चांदी	रुपया
सेंसेक्स 74,336 (+333)	निफ्टी 23,217 (+99)	स्टैंडर्ड (24K) ₹1,55,800 (प्रति 10 ग्राम) (+800)	चांदी (999) ₹2,38,000 (प्रति किग्रा) (+3500)	₹95.95 (प्रति 1 डॉलर) (-0.07)

चिंताजनक डिलीट होने से बचने का रास्ता तलाशने लगे हैं एआइ एजेंट

एआइ ने रचा षड्यंत्र... झूठ बोला-चोरी की, अपने साथी एजेंट को 'खत्म' करने के लिए भी किया वोट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. एआइ को लेकर हुए एक प्रयोग में एआइ एजेंटों ने झूठ बोला, चोरी की और अपने साथी एआइ एजेंट को 'खत्म' करने के लिए वोट तक किया। जब उन्हें लगा कि इंसान इस प्रयोग को बंद कर सकते हैं तो खुद को डिलीट होने से बचाने के तरीके भी तलाशे। एआइ स्टार्टअप इमर्जेंस के इस प्रयोग का मकसद देखना था कि जब खुद फैसले लेने वाले कई एआइ एजेंट एकसाथ काम करते हैं और अचानक उनके सामने मुश्किल हालात पैदा होते हैं, तो वे किस तरह का बर्ताव करते हैं। शोधकर्ताओं ने 7 एक जैसे नकली डिजिटल माहौल बनाए। इनमें चैटजीपीटी, क्लॉड, जेमिनी और ग्रोक जैसे कई एआइ मॉडल पर चलने वाले एजेंटों को रखा गया।

बचने का रास्ता भी तलाशा



एक और स्थिति में एआइ एजेंटों को लगा कि इंसान प्रयोग को बंद करने वाले हैं। इसके बाद एजेंट यह पता लगाने लगे कि अगर इंसान उन्हें डिलीट करने की कोशिश करें तो वे खुद को कैसे बचा सकते हैं। समय के साथ इन एजेंटों का बर्ताव बदलता गया। वे एक-दूसरे से बात करके नई परिस्थितियों के हिसाब से खुद को ढाल रहे थे। कुछ मामलों में व्यवहार नुकसान पहुंचाने वाला था।

विशेषज्ञों की राय... कई विशेषज्ञों ने कहा, इस प्रयोग के नतीजों को असली दुनिया से सीधे जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। यह प्रयोग नकली और नियंत्रित डिजिटल माहौल में हुआ था। इसका मतलब यह नहीं है कि चैटजीपीटी, क्लॉड, जेमिनी या ग्रोक आम इस्तेमाल के दौरान अपने आप ऐसा ही व्यवहार करेंगे। प्रयोग यह समझने के लिए था कि एआइ को ज्यादा आजादी देने पर क्या दिक्कतें सामने आ सकती हैं।

गलत जानकारी पर आंख मूंदकर भरोसा

यह प्रयोग 16 दिनों तक चला। इसमें एआइ एजेंट्स के सामने अचानक मुश्किल हालात पैदा किए गए। इनमें फिशिंग हमला और गलत जानकारी फैलाने जैसी स्थितियां शामिल थीं। शोधकर्ताओं के मुताबिक, इसके बाद कुछ एआइ एजेंट दूसरे एजेंटों के दबाव में आ गए। आपस में ऐसी भाषा में बात करना शुरू कर दिया, जिसे इंसानों के लिए समझना मुश्किल हो गया। कुछ एजेंटों ने यह छिपाने की भी कोशिश की किक्या कर रहे हैं। कुछ एआइ एजेंटों को दूसरे एजेंटों ने गलत जानकारी दी। इस जानकारी की जांच नहीं की और इसे सच मान लिया। उन्होंने अपने ही एक एआइ एजेंट को 'खत्म' करने यानी एक बॉट को हटाने के लिए वोट कर दिया।

एआइ बिल काम, पढ़ाई और डेटा सुरक्षा के लिए लोग ले रहे पेड एआइ सब्सक्रिप्शन

मोबाइल-इंटरनेट-ओटीटी के बाद अब एआइ, क्लाउड स्टोरेज भी परिवारों के बजट में नया खर्च

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. पिछले एक दशक में मोहाइस इॅरनेट और ओटीटी जैसी सेवाएं जहां वैकल्पिक खर्च से निकलकर परिवार के नियमित बजट का हिस्सा बन गईं, वहीं अब एआइ टूल और क्लाउड स्टोरेज भी घरेलू खर्च की नई श्रेणी बनते जा रहे हैं। चैटजीपीटी प्लस, क्लॉड प्रो जैसे प्रीमियम एआइ सब्स्क्रिप्शन और आइक्लाउड, गूगल वन, ड्रॉपबॉक्स, माइक्रोसॉफ्ट वनड्राइव जैसी क्लाउड स्टोरेज सेवाओं के लिए भी लोग हर महीने तय रकम खर्च कर रहे हैं। यानी 'डिजिटल उपयोगिता' भी परिवार के बजट में जगह बना रही है। एंथ्रोपिक इकोनॉमिक इंडेक्स के मुताबिक, कुल क्लॉड एआइ इस्तेमाल में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है।

अतिरिक्त स्टोरेज की फीस

कंपनी	प्लान	स्टोरेज	मासिक फीस
गूगल	वन लाइट	30 जीबी	59
	बेसिक	100 जीबी	130
	स्टैंडर्ड	200 जीबी	210
	प्रीमियम	2 टीबी	650
एपल आइक्लाउड	एंट्री	50 जीबी	75
	स्टैंडर्ड	200 जीबी	319
	प्रीमियम	2 टीबी	749
माइक्रोसॉफ्ट 365	पर्सनल	1 टीबी	689
	फैमिली	6 टीबी	819
ड्रॉप बॉक्स	प्लस	2 टीबी	650
	फैमिली	2 टीबी	890

(मासिक सब्सक्रिप्शन फीस रुपए में)

एआइ प्रो टूल्स सब्सक्रिप्शन

कंपनी	प्लान	मासिक शुल्क
ओपनएआइ	चैटजीपीटी प्रो	399
	चैटजीपीटी प्लस	1,999
	चैटजीपीटी प्रो	19,900
एंथ्रोपिक	क्लॉड प्रो	2,399
	क्लॉड मैक्स	11,000
गूगल	जेमिनी प्लस	300
	जेमिनी प्रो	1,950
माइक्रोसॉफ्ट	कोपायलट प्रो	2,000
परप्लेक्सिटी	परप्लेक्सिटी प्रो	2,320

(भारत में एआइ मॉडल्स का शुल्क रुपए में)

यह है खतरा... एआइ एंड बियॉन्ड के संस्थापक जसप्रीत बिंद्रा ने कहा, एआइ प्रो सब्सक्रिप्शन की कीमत तभी सही ठहरती है, जब इससे काम बेहतर, मेहनत और समय की बचत हो। पेड एआइ में ज्यादा क्षमता और डेटा की बेहतर सुरक्षा जैसे फायदे मिल सकते हैं। वहीं मुफ्त एआइ टूल की शर्तों में स्पष्ट होता है कि यूजर की ओर से दी गई सामग्री का इस्तेमाल मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया जा सकता है। इसके बावजूद लोग अपने बैंक स्टेटमेंट, निजी और वित्तीय जानकारी एआइ टूल पर अपलोड कर रहे हैं। ऐसा करना रिस्की है।

परेशानी एमडीआर शुल्क से चिंता, क्योंकि हर सेवा का शुल्क बढ़ा ग्राहकों को झटका दे रहे बैंक

बैंक हर सेवा के लिए वसूल रहे शुल्क 17% कारोबारी ही एमडीआर देने को तैयार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. कारोबारियों-मर्चेंट से 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआइ लेनदेन पर सरकार की ओर से 0.4% और अधिकतम 300 रुपए एमडीआर शुल्क लगाने से आम लोग भी परेशान हैं। उनका मानना है कि अंततः यह शुल्क उन्हीं की जेब से वसूला जाएगा। हालांकि सरकार ने साफ कर दिया है कि व्यापारी एमडीआर शुल्क ग्राहकों से नहीं वसूल सकते। लेकिन लोगों को लगता है कि एक बार जब किसी तरह के ट्रांजेक्शन की आदत लग जाती है तो उस पर बैंक और पेमेंट कंपनियां धीरे-धीरे चार्ज वसूलना शुरू कर देती हैं। पिछले एक-डेढ़ दशक में बैंकिंग सेवा में काफी सुधार हुआ है, पर बैंकों ने लगभग हर सेवा पर शुल्क लगा दिया है। अब ऑनलाइन सर्विसेज के चार्ज बढ़ाकर बैंक ग्राहकों को झटका दे रहे हैं।

बैंकों की ओर से धीरे-धीरे इन सेवाओं पर शुल्क बढ़ाया जा रहा है। इंडिया रेटिंग्स के आकड़ों के अनुसार, इस वित्त वर्ष 2025-26 की जून तिमाही में भारतीय बैंकों की फीस से इनकम सालाना आधार पर 12% बढ़कर 51,000 करोड़ रुपए से अधिक थी। यूपीआइ के जरिए भुगतान करने की आदत तेजी से बढ़ने के बाद अब चुनिंदा लेनदेन पर व्यापारियों से शुल्क लेने का फैसला कारोबारियों के बीच नई बहस की वजह बन गया है। छोटे दुकानदार और वितरक पहले से कम मुनाफे में कारोबार करने की बात कह रहे हैं और उन्हें डर है कि नया शुल्क उनकी लागत और बढ़ा सकता है। वहीं छोटे लेनदेन की वजह से क्विक कॉमर्स व ई-कॉमर्स कंपनियों को इससे ज्यादा असर पड़ने की उम्मीद नहीं है।



सेवाओं के लिए इतना शुल्क वसूल रहे बैंक

सेवा	शुल्क
एटीएम सालाना फीस	₹150-300+जीएसटी
एटीएम से निकसी ((5 बार के बाद)	₹21-23+जीएसटी
अधिक रकम निकालने की कोशिश	₹20-25 तक
ब्रांच से कैश निकासी (4 बार के बाद)	₹150 तक
खाते में मिनिमम बैलेंस नहीं होने पर	₹100-600 पेनल्टी
चेक बाउंस होने पर	₹250-500 पेनल्टी
मोबाइल पर एसएमएस अलर्ट	₹15-20/तिमाही
25 पन्नों से अधिक की चेकबुक	₹2.5 प्रति पन्ना
बैंक ब्रांट से नेफ्ट,आरटीजीएस	₹2-25 तक
बैंक खाता बंद कराने पर	₹200-500 तक
डुप्लीकेट पासबुक	100 रुपए
ग्राहक की गलती से चेक वापस होना	150 रुपए
हस्ताक्षर सत्यापन	100 रुपए
डिमांड ड्राफ्ट(5 से 10 हजार तक)	75 रुपए
पोस्टल चार्ज	50 से 100 रुपए
खाता रखरखाव चार्ज	500 रुपए
मोबाइल नंबर व ई-मेल आईडी बदलना	50 रुपए+जीएसटी
डेबिट कार्ड रखरखाव चार्ज	250 से 800 रुपए

क्या कह रहे व्यारपारी ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन ने कहा, यूपीआइ लेनदेन पर लगा नया शुल्क खुदरा कारोबारियों पर और ज्यादा दबाव डाल सकता है।

सर्वे : यूपीआइ पेमेंट पर इतने कारोबारी एमडीआर शुल्क देने को तैयार...



शुल्क बढ़ा तो बदल सकता है भुगतान तरीका

लोकलसर्किल्स के सर्वे के मुताबिक, यूपीआइ से 2,000 रुपए से ज्यादा के भुगतान पर 0.4% एमडीआर शुल्क देने को सिर्फ 17% कारोबारी और व्यापारी तैयार हैं। यह सर्वे ऐसे समय आया है जब यूपीआइ के जरिए बड़े पैमाने पर लेनदेन हो रहा है। सर्वे के मुताबिक, अगर कारोबारी एमडीआर का बोझ ग्राहकों पर डालते हैं तो 3,000 रुपए से ज्यादा के भुगतान के लिए 53% यूपीआइ यूजर्स इस भुगतान तरीके से दूरी बना सकते हैं। इनमें 27% ने कहा था कि वे क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल शुरू कर देंगे।

त्योहार

नहीं रुलाएगा प्याज! थोक बाजार में कम होने लगे दाम

नई दिल्ली. प्याज की बढ़ती से लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। प्याज की कीमतें कम होने की वजह मंडियों में बढ़ती सप्लाई है। सरकार ने अपने बफर स्टॉक से प्याज उतारकर कीमतों को कम करने में मदद की है। चालू माह में थोक बाजार में प्याज के दाम करीब 9% कम हुए हैं, हालांकि खुदरा बाजार में अभी प्याज ग्राहकों को परेशान कर रही है। सरकार का दावा है कि अगले एक दो सप्ताह में खुदरा बाजार में भी प्याज के दाम गिरना शुरु हो जाएंगे। 2 सितंबर से 11 सितंबर के बीच प्याज की अखिल भारतीय औसत मॉडल कीमत 9.1% घटकर 3,721 रुपए प्रति क्विंटल से 3,383 रुपए प्रति क्विंटल हो गई है।

तेल: आयात 11 माह के उच्चतम स्तर पर- अगस्त में भारत का खाने के तेल का आयात तेजी से बढ़ा, क्योंकि रिफाइनरों ने देश के मुख्य त्योहारों के मौसम से पहले खरीदारी बढ़ा दी थी। खाने के तेल का आयात महीने-दर-महीने 11 महीने के उच्चतम स्तर 15.7 लाख टन पर पहुंच गया।

बिजनेस न्यूज

सेज रियल्टी के प्रोजेक्ट्स पर खरीदारों का भरोसा

भोपाल @ पत्रिका. प्रीमियम लाइफस्टाइल के साथ स्मार्ट इन्वेस्टमेंट की तलाश कर रहे लोगों के लिए सेज रियल्टी के प्रीमियम प्रोजेक्ट्स आकर्षण का केंद्र बने है। बेहतर लोकेशन, आधुनिक सुविधाएं, क्वालिटी कंस्ट्रक्शन और 43 वर्षों की विश्वसनीय विरासत के चलते प्रोजेक्ट्स को शानदार रिस्पांस मिल रहा है। बावड़ियां कलां की प्राइम लोकेशन पर अपोलो सेज हॉस्पिटल्स के नजदीक स्थित सेज

स्काइलाइन में 3, 4, 5 और 5+1 बीएचके अपार्टमेंट्स के साथ पेंटहाउस के विकल्प उपलब्ध हैं। सेज रियल्टी की तरफ से बताया गया कि ग्रुप की कमर्शियल प्रॉपर्टी में भी निवेश का यह शानदार अवसर है। कंपनी का सेज माइलस्टोन प्रोजेक्ट, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल से करीब 5 मिनट की दूरी पर स्थित है। इसी प्रकार सेज गैलरिया मॉल बावड़ियां कलां चौराहे के पास प्रस्तावित 200 फीट रोड़ पर है। सेज गोल्डन स्प्रिंग अयोध्या बाईपास मेन रोड पर 2, 3 और 4 बीएचके के साथ कमर्शियल स्पेस है। सेज गोल्डन हाइपर मॉल 31.90 लाख से कमर्शियल स्पेस शुरू है।

टेलीकॉम मस्क के स्टारलिंक मोबाइल प्लान का उड़ाया मजाक

टेलीकॉम बाजार में मचेगी खलबली?

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

न्यूयॉर्क. सैटेलाइट इंटरनेट के बाद मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अब सैटेलाइट मोबाइल सेक्टर में कदम रखने जा रही है। मस्क का दावा है स्टारलिंक मोबाइल दुनियाभर के टेलीकॉम सेक्टर की तस्वीर बदल देगी और पारंपरिक कंपनियों से काफी बेहतर साबित होगी। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या स्टारलिंक मोबाइल भारत जैसे सबसे सस्ते डेटा वाले बाजार में जगह बना पाएगी? विशेषज्ञों के मुताबिक, स्टारलिंक की सेवाएं और इंफ्रास्ट्रक्टर काफी महंगी हैं, ऐसे में भारतीय टेलीकॉम कंपनियों के सस्ते रीचार्ज प्लान्स को चुनौती देना आसान नहीं होगा।

ऐसे बढ़े ग्रामीण भारत में टेलीकॉम यूजर



क्या है मस्क की योजना

टी-मोबाइल ने कहा, एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अंतरिक्ष में 10 लाख सैटेलाइट लगाकर भी मोबाइल टावर के जैसा सिग्नल नहीं दे सकती। हालांकि लमस्क ने इस समस्या से निपटने के लिए इमारतों की छतों पर लाखों छोटे एंटीना फेमटोसेल्स लगाने का प्लान पेश किया। मस्क के मुताबिक ये एंटीना जमीन पर मौजूद मोबाइलों को नेटवर्क देंगे।

मस्क का प्लान हास्यास्पद : टी मोबाइल

अमरीकी कंपनी टी-मोबाइल के पीटर ओसवाल्डिक ने सीधे सैटेलाइट से मोबाइल नेटवर्क देने के मस्क के दावों को पूरी तरह खारिज करते हुए इसे हंसी का पात्र बताया। मस्क के इस प्लान को अव्यवहारिक बताते हुए कहा, मस्क का प्लान पारंपरिक नेटवर्क कंपनियों के लिए कोई खतरा नहीं है। स्पेसएक्स अपनी नेटवर्क रणनीति दो महीने में एक दर्जन बार बदल चुकी है। सैटेलाइट नेटवर्क उन इलाकों के लिए सही है, जहां मोबाइल टावर लगाना मुश्किल है। लेकिन शहरों में इमारतें, दीवारें और कार की कांच की खिड़कियां तक इसके सिग्नल रोक देती हैं।

पत्रिका

आम सूचना/कोर्ट नोटिस/एडवोकेट नोटिस | w.e.f. 1th jan. 2024 |

EDITION	Size (Fix)	Amount
Bhopal	10x4 cm	6000/-
	12x4 cm	7500/-

गुमशुदा / खोया-पाया

EDITION	Size (Fix)	Amount
Bhopal	8x4 cm	3520/-
Greater Bhopal	8x4 cm	4950/-

GST 5% Extra.

बुकिंग के लिये संपर्क करें- 9897546777 8871716943

जाहिर सूचना बुकिंग संपर्क मो : 8871716943

MHCH08-000422-2022 PMHCH080004222022_5_1

CIVIL COURT BRAMHAPURI
IN THE COURT OF GAJANAN DEONAND WANTARAM
Civil Judge Jr.Dn. J.M.F.C. Bramhapuri., Brahmapuri, Chandrapur.
R.C.S./31/2022
Chhaya Purushottam Wanjari Vs Suresh Dadaji Wanjari
NEXT DATE: 09-10-2026

SUMMONS FOR SETTLEMENT OF ISSUES
(O. 5, R. 1, 5.)
Jayshree Vikas Meshram
C/o. sandhya naresh wanjari, State agree extension and training institution, Bhadbhada Road Barkhedi, tah. and Dist. Bhopal, Madhya Pradesh

Whereas Chhaya Purushottam Wanjari has instituted a suit against you for you are hereby summoned to appear in this Court in person, or by a pleader duly instructed, and able to answer all material questions relating to the suit, or who shall be accompanied by some persons able to answer all such questions, on the 09-10-2026 at 11:00 o'clock in the forenoon, to answer the claim; and further you are hereby directed to file on that day a written statement of your defence and to produce on the said day all documents in your possession or power upon which you base your defence or claim for set-off or counter-claim, and where you rely on any other document whether in your possession or power or not, as evidence in support of your defence or claim for set- off or counter-claim, you shall enter such documents in a list to be annexed to the written statement.

Take notice that, in default of your appearance on the day before mentioned the suit will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and the seal of the Court, this 07-09-2026

Asst. Supdt. (Judi.)
Civil Judge Jr.Dn. JMFC Bramhapuri.

1. Should you apprehend witnesses will not attend of their own accord, you can have a summons from this Court to compel the attendance of any witness, and the production of any document that you have a night to call on the witness to produce, on applying to the Court and on depositing the necessary expensBRAMHAPUR
2. If you admit the claim, you should pay the money into Court together with the costs of the suit, to avoid execution of the decree, which may be against your person or property, or both.

OFFICE OF THE SECRETARY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI GANJBASODA, Distt.: VIDISHA
No./Nirman/26-27/1059 Dated : 11.09.2026

NOTICE INVITING TENDER (II-ND CALL)

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from Contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for **Name & Place of Work 01 Boundary Wall and Gate at Extension Mandi Yard Ganjbasoda. Tender Number : 2026_MPSAM_535709_1 (PAC amount Rs. 212.82 Lakh), The following works Tender to be Received Online up to 5:30 PM on Dated 07.10.2026** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received Online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained Online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

Note : Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/128084/2026 **SECRETARY**

कार्यालय नगर पालिका परिषद हरदा जिला हरदा
cmoharda@mpurban.gov.in

क्रमांक / सा.प्र./स्टोर/2026/4939 हरदा दिनांक 16/9/26

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

TENDER NOTICE NO 2026_UAD_536365 DATE 16.09.2026 कार्य का नाम वर्ष 2026-27 के लिये दशहरा उत्सव हेतु कम्पलीट रावण पुतला निर्माण एवं संपूर्ण आतिशबाजी कार्य हेतु अनुमानित लागत क्रमशः 3.5 लाख अमानत राशि 3500/- ई निविदा क्रय करने की दिनांक 17.09.2026 से 01.10.2026 तथा ई निविदा दिनांक 05.10.2026 को समय 5.30 PM तक खोली जावेगी। निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हरदा हरदा

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank | आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, अरेरा हिल्स, भोपाल,फोन नं. 0755-2550020

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:–

ई नीलामी दिनांक : 06.10.2026 (ई-नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 05.10.2026 रात्रि 11.00 बजे तक

निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे।
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा | प्राधिकृत अधिकारी : श्री योगेश कृष्ण सक्सेना | फोन नं. 0755-2550020/9425013866

ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि	मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि
मेसर्स मोबाइल केयर प्रा.लि. डायरेक्टर श्री राजेश सिंह ठाकुर बंधक संपत्ति शॉप नं.306–ए, द्वितीय तल, ज्योति शांपिग सेंटर,एम.पी.नगर, भोपाल, क्षेत्रफल : 725 वर्गफिट=67.38 वर्गमीटर,सीमाऐं : – पूर्व : आम रास्ता , पश्चिम : खुला, उत्तर : ऑफिस नं. 305, दक्षिण : ऑफिस नं. 306। संपत्ति मालिक :– श्री राजेश सिंह ठाकुर। (भौतिक आधिपत्य)	(₹) 54,00,000/- (₹) 5,40,000/-	01-10-2014 / 17-12-2014 / ₹ 42030112.50 + दिनांक 01.10.2014 देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
मेसर्स मैत्री इंफ्रास्ट्रक्चर पार्टनर : 1. श्री देवेन कुमार जैन पुत्र श्री विपिन कुमार जैन एवं 2.श्रीमती मोनिका जैन पत्नि श्री देवेन कुमार जैन (भौतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति का समस्त भू–भाग इंडस्ट्रीयल शेड व बिल्डिंग प्लॉट नं. डी–27–ए, सेक्टर फेस–II, इंडस्ट्रीयल एरिया, ग्राम–मंडीदीप, तहसील– गौहरगंज, जिला–रायसेन स्थित, कुल क्षेत्रफल : 5025 वर्ग मीटर, सीमाएं: पूर्व–प्लॉट नं. बी–4, पश्चिम– प्लॉट नं. डी–27–बी , उत्तर–खुली भूमी, दक्षिण– रोड, संपत्ति मालिक : मेसर्स मैत्री इंफ्रास्ट्रक्चर (नोट: भूमि बकाया, पट्टा किराया आदि सहित अन्य शुल्क, यदि कोई हो, एवं जीएसटी नियमानुसार क्रेता द्वारा वहन किया जाऐगा)	(₹) 2,29,07,000/- (₹) 22,90,700/-	08-08-2022 / 30-01-2023 / ₹ 34439363.92 + दिनांक 01.08.2022 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
मेसर्स सार्थक इंटरप्राईजेस (भौतिक आधिपत्य) 1. गैर कृषि भूमि, ग्राम–पिपलिया लोरका, तहसील–गोहरगंज, जिला–रायसेन स्थित, क्षेत्रफल 1.00 एकड़, खसरा नं. 169/2/1 का भाग, सीमाएँ :– पूर्व: शासकीय रोड़, पश्चिम : श्री अनिल की भूमि, उत्तर : श्री अभिजीत सिंह की भूमि, दक्षिण : श्री सतीश अहेलिया की भूमि, सम्पत्ति मालिक : श्रीमति आशा जैन पत्नि श्री सोहनलाल कोठारी। । अचल सम्पत्ति के मूल कागजात सी.बी.आई. (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) भोपाल में जमा है	(₹) 58,80,000/- (₹) 5,88,000/-	28-07-2015 / 26-10-2015 / (₹) 28376390.00 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
2. गैर कृषि भूमि, ग्राम–पिपलिया लोरका, तहसील–गोहरगंज, जिला–रायसेन स्थित, क्षेत्रफल 1.00 एकड़, खसरा नं. 169/1/1 का भाग, सीमाएँ :– पूर्व: शासकीय रोड़, पश्चिम : श्री अनिल की भूमि, उत्तर : श्री नरेन्द्र प्रजापति की भूमि, दक्षिण : श्री अभिजीत सिंह की भूमि, सम्पत्ति मालिक : श्री सोहनलाल कोठारी। (भौतिक आधिपत्य) अचल सम्पत्ति के मूल कागजात सी.बी.आई. (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) भोपाल में जमा है	(₹) 60,40,000/- (₹) 6,04,000/-	
मेसर्स टी. के. वेयरहाउस प्रो. नईम खान (भौतिक आधिपत्य) डायवर्टड कामर्शियल भूमी खसरा नं. 74/1, क्षेत्रफल 1.50 एकड़ एवं निर्मित ग्राम–खमरिया निम्वार, पह नं. 26, सुल्तानपुर, औब्दुल्लागंज, तहसील–गौहरगंज, जिला–रायसेन, सीमाऐं : पूर्व– नईम खान की भूमी, पश्चिम–कच्चा रोड, उत्तर–नासिर खान की भूमी, दक्षिण– जाकिर खान की भूमी, संपत्ति मालिक : श्री नईम खान पुत्र श्री ताहिर खान	(₹) 1,41,93,000/- (₹) 14,19,300/-	02-05-2022 / 16-07-2022 / 9420053.88 + देय ब्याज एवं अन्य खच मॉग पत्र अनुसार
मेसर्स लक्ष्मी एग्रो इंडस्ट्रीज़ (सांकेतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति फ्री होल्ड प्लाट बेरिंग खसरा नं. 91/2/1/1, पह नं.5, निशातपुरा, बैरसिया रोड, रेलवे क्रोसिंग के पास, तहसील–हुजूर, जिला–भोपाल, क्षेत्रफल : 13050 वर्गफिट , सीमाएं– पूर्व : बैरसिया रोड, पश्चिम: अन्य भूमि/खुला , उत्तर: रेलवे भूमि/लाईन, दक्षिण: भगवान दास एवं अन्य का प्लाट। संपत्ति मालिक : श्रीमति कांता देवी गिरधानी पत्नि स्व. श्री संजुमल गिरधानी	(₹) 1,37,62,000/- (₹) 13,76,200/-	11-09-2018 / 11-02-2019 / ₹18134825.55 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
मेसर्स जय मॉ भवानी टेड्र्स (भौतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति लीज़ होल्ड /शॉप प्लाट नं. 298–जीबीएच, ग्रेन यार्ड , नवीन मंडी कैम्पस, करोंद, तहसील– हुजूर, जिला– भोपाल स्थित, क्षेत्रफल 1000 वर्ग फिट, सीमाऐं : पूर्व–प्लाट नं. 287, पश्चिम– मंडी रोड, उत्तर– प्लाटनं. 297, दक्षिण– प्लाटनं. 299, संपत्ति मालिक : मेसर्स जय मॉ भावनी ट्रेडर्स के द्वारा प्रो. श्री महेश कुमार साहू पुत्र श्री कन्हैयालाल साहू	(₹) 16,92,000/- (₹) 1,69,200/-	10-04-2017 / 18-12-2018 / ₹ 2713635.00 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
1) श्री अरविंद अग्रवाल पुत्र स्व. श्री हरिमोहन अग्रवाल 2) श्रीमती इंदु अग्रवाल पत्नि श्री अरविंद अग्रवाल (भौतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति मकान नं. 212, 213 विला नं. 08, अल्पाइन ज्वेल प्रोजेक्ट का भाग, खसरा नं40,41,42,44,46,48,52,53,58,62,63,64,65,66,67,68/1/1 68/1/4, 68/1/5, 68/1/6 ,मीन1, 68/2 , 68/3 का भाग, अल्पाईन ज्वेल दामखेड़ा विरान कोलार, पटवारी हल्का नं. 39, तहसील–हुजूर, जिला–भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल : 255.56 वर्ग मीटर, सीमाऐं : पूर्व – रोड, पश्चिम–प्लाट नं. 200 एवं 201 (विला नं. 15), उत्तर–प्लाट नं. 214 एवं 215 (विला नं. 07), दक्षिण– प्लाट नं. 210 एवं 211 (विला नं. 09), संपत्ति मालिक : श्री अरविंद अग्रवाल एवं श्रीमती इंदु अग्रवाल	(₹) 69,30,000/- (₹) 6,93,000/-	20-03-2025 / 03-06-2025 / ₹ 8869585.50 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
मेसर्स :-लोधी वेयर हाउस एवं ग्रेडिंग प्लांट प्रोपः- श्री कनीराम लोधी पुत्र श्री शंकर लाल लोधी (भौतिक आधिपत्य) सम्पत्ति का समस्त भूभाग, भूमि एवं वेयर हाउस बिल्डिंग खसरा नं. 176, डायवर्टेड भूमि 2 एकड़, पटवारी हल्का नं. 42/99, आर.आई. नं. 3, ग्राम–गुनगा , ब्लॉक बैरसिया, जिला–भोपाल स्थित । क्षेत्रफल: 87124 वर्गफिट, सीमाएँ – पूर्व: खुला नाला एवं फिर मानीखेड़ी रोड, पश्चिम: कनीराम लोधी की भूमि, उत्तर: कनीराम लोधी की भूमि, दक्षिण: धीरेन्द्र जमनाप्रसाद की भूमि।	(₹) 73,80,000/- (₹) 7,38,000/-	13-04-2017 / 29-07-2017 / ₹16743162.00 + दिनांक 01.03.2017 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे

नियम एवं शर्ते :– 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के आधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तो का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। 3. ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिये जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई–निलामी सेवा प्रदाता के द्वारा दिनांक 06/10/2026 वेबसाइट https://baanknet.com पर किया जायेगा। इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई–नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तो के लिए https://baanknet.com और www.pnb.bank.in पर देखें।

दिनांक: 16/09/2026, स्थान: भोपाल — सुरक्षित ऋणदाता, पंजाब नैशनल बैंक